प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 30.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

....................

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक नई दिल्ली में चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसकी अध्यक्षता कर रहे है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मंत्रिमंडल की यह पहली बैठक है। मंत्रिमंडलीय सुरक्षा समिति की बैठक भी आज ही होने की संभावना है।

...........................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्षय तृतीया के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि मानवता को समर्पित यह त्योहार सभी के लिए सफलता, समृद्धि और खुशी लेकर आएगा। साथ ही यह अवसर विकसित भारत के निर्माण की सामूहिक प्रतिबद्धता को शक्ति प्रदान करेगा। आखातीज के अवसर पर प्रदेश में भी वैवाहिक आयोजन और मांगलिक कार्यक्रम हो रहे है। चूरू के खानसोली गांव में खेजडी वृक्षों की पूजा की गई। वहीं किसानों ने हल और विभिन्न कृषि उपकरणों की पूजा की। इसके साथ ही प्रदेशभर में आखातीज पर संभावित बाल विवाह की आशंका के मद्देनजर सभी जिलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

......................

उत्तराखण्ड में चारधाम की यात्रा आज से शुरू हो गई है। उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। वैदिक मंत्रोच्चार और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के बीच कपाट खोले गए। केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को और बद्रीनाथ धाम के रविवार को खुलेंगे। इस बीच उत्तराखण्ड सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, स्वास्थ्य और सफाई के लिए व्यापक व्यवस्था की है। इधर प्रदेश में झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ कस्बे में स्थित बद्रीनारायण मंदिर के पट भी खोल दिए गए है। इस मंदिर को साल में सिर्फ अक्षय तृतीया के दिन ही खोला जाता है। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

.........................

विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन – वेव्स 2025 कल से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। पहली बार आयोजित यह 4 दिवसीय कार्यक्रम श्रव्य–दृश्य और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में वैश्विक मीडिया संवाद, क्रेता–विक्रेता बैठकें, उभरते सृजनकर्ताओं के लिए अपनी सामग्री को प्रस्तुत करने और बढावा देने के सत्र आयोजित होंगे। इसके अलावा स्टोरी टेलिंग के नए जमाने के प्रारूपों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

...........................

आयुष मंत्रालय कल से राष्ट्रीय आयुष मिशन सम्मेलन आयोजित करेगा। महाराष्ट्र के लोनावाला में आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य देश में आयुष–आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक राष्ट्रीय मंच के रूप में कार्य करना है। आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में आयुष विशेषज्ञ, नीति निर्माता, स्वास्थ्य पेशेवर और शोधकर्ता पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा में शामिल करने के उपायों पर चर्चा करेंगे।

.....................

प्रदेश के राणा प्रताप सागर बांध में अब मध्यप्रदेश के गांधीसागर बांध से पानी छोडा जायेगा। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार की पंप स्टोरेज परियोजना के निर्माण के लिए गांधी सागर बांध से राणा प्रताप सागर में जल छोडे जाने की मांग पर ये निर्णय लिया है। इसके तहत गांधी सागर बांध से लगभग 892 मिलियन घन मीटर पानी छोडा जायेगा। श्री रावत ने कहा राणा प्रताप सागर बांध में आने वाला पानी गर्मियों में पेयजल, सिंचाई और औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने में उपयोगी साबित होगा। इसके साथ ही विद्युत उत्पादन के लिए भी जल का

समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी दोनों राज्यों के बीच जल संसाधनों के समुचित प्रबंधन और उपयोग के लिए समन्वय बना रहेगा।

....................

प्रदेश में तेज गर्मी का असर बरकरार है। मौसम विभाग ने आज बाड़मेर, जैसलमेर तथा जोधपुर जिलों में कहीं–कहीं हीट वेव दर्ज होने की संभावना जताई है। इसके साथ ही एक नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जोधपुर और उदयपुर संभाग में दोपहर बाद कहीं–कहीं बादल छाये रह सकते हैं। वहीं कल राज्य के कुछ हिस्सों में आंधी चलने और बरसात होने के आसार है। इससे तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इस बीच विभाग की ओर से जारी आंकडों के अनुसार पिछले 24 घंटों में 46 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस के साथ जैसलमेर सबसे गर्म स्थान रहा।

.....................